संगीत

गयन वादन नृत्यच्च संगीतमुच्यते। इन तीत कलाआं का संगम संगीत कहलाता है। कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल के लगभग 7500 विद्यार्थियों को संगीत कला में निपुणा बनाने हेतु दस संगीत के सुयोग्य अध्यापक –अध्यापिकाएँ बच्चों को गायन, वादन और नृत्य की शिक्षा प्रदान कर रहें हैं।

प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में वदमंत्रों के गायन से बच्चों के दिन का शुभारम्भ होता है और संगीत के अनेक वाद्य–यंत्रों की स्वर लहरी के साथ भगवान् का गुणगान् गाया जाता है।

हमारे विद्यालय में 70 विद्यार्थी ऐसे हैं जो अनेक प्रकार के वाद्य–यंत्रों और अपने गायन से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर देते हैं। गियर, तबला, बौंगों, कोंगों, मंजीरा, सिंथेसाइज़र, बॉसुरी, वायलिन, ज़ायलोफोन आदि के द्वारा हमारे ये उभरते कलाकार सभी का मन मोह लेते हैं

गायन कला में बड़े विद्यार्थियों को गीत ग़ज़ल भजन तथा देश भक्ति गीतों के माध्यम से उनमें संगीत के प्रति रुझान उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। नृत्य कला में लोक नृत्य, शासत्रिय नृत्य, (एकल तथा समूह) प्रतियोगिताओं एवं विद्यालय में प्रस्तुत करने वाले कार्यक्रमों हेतु विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त समाज के कमज़ोर वर्ग (आर्थिक दृष्टि से) की बालिकाओं को गीत संगीत एवं नृत्य का प्रश्किशण दिया जाता है। इन बालिकाओं ने अनेक बार नृत्य प्रतियोगिताओं में ज़ोनल लेवल के पुरस्कार प्राप्त किए है। कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल द्वारा चलाया जा रहा एक और प्रकोष्ठ है कुलाची मनोविकास केंद्र। मनोविकास केंद्र के इन विशेष बच्चों को भी संगीत, नाटक एवं नृत्य आदि का शिक्षण दिया जाता है। कनिका बाली जो सुनने में अक्षम है उसने पीछे Miss India का खिताब प्राप्त किया। वर्ष 2012 में वह Miss Asia खिताब की उपविजेता रहीं । पिछले दिनों कनिका बाली ने टर्की के अंकारा में अपनी सुन्दर प्रस्तुति की।

दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित संस्कृत श्लोक संगीत गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में ज़ोन उत्तर पश्चिमी में बच्चों ने प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया बच्चों ने पुरुस्कार में 3000/– की राशि प्राप्त की।

यही प्रतियोगिता स्टेट लेवल पर आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया बच्चों ने पुरुस्कार में 4000/– की राशि प्राप्त की।

एकल गायन में सुमेधा मेहता ने द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त किया पुरुस्कार में राशि 1000/– प्राप्त की।

Profile of Ms. Kanika Bali (Ex-Student)